आकाशवाणी शिमला
23.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

भाजपा सदस्यता

प्रदेश कांग्रेस के 6 पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इन्द्र दत्त लखनपाल, देवेन्द्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा भाजपा में शामिल हो गए हैं। नई दिल्ली में आज भाजपा नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में इन विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, केएल ठाकुर और आशीष शर्मा भी भाजपा में शामिल हो गए हैं।

मनीष गर्ग

राज्य निर्वाचन विभाग ने वर्ष 2019 के आम चुनावों में 70 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाले 22 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर '22 गोइंग टू 72' अभियान की शुरूआत की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के तहत विभिन्न अराजनीतिक लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए क्षेत्रवार निर्वाचन आइकन के रूप में शामिल किया जाएगा और बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड भी मतदाताओं को वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बूथ जागरूकता क्लबों को सक्रिय किया जाएगा और चुनावी साक्षरता क्लब चुनावी साक्षरता अभियान चलाएंगे ताकि आम जनता को बढ़चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों और औद्योगिक संगठनों में मतदाता जागरूकता मंच भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे। मनीष गर्ग ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों के अलावा हस्ताक्षर अभियान को भी विस्तृत स्तर पर चलाया जाएगा।

स्वीप कार्यक्रम

चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के संदेश के साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में चंबा जिला के ढालपुर मैदान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए, होली के रंग, मतदाता के संग, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोरूल एस रवीश ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

रघुनाथ होली

कुल्लू जिला में भगवान रघुनाथ मंदिर में बैरागी समुदाय के लोग बीते करीब 4 सौ वर्ष से होली की प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते आ रहे हैं। ऐसे में भगवान रघुनाथ के मंदिर में होलाष्टक के साथ हर दिन बैरागी समुदाय के लोग मथुरा वृंदावन की तर्ज पर ब्रजभाषा में प्राचीन होली गीत की पुरातन परम्परा को निभाते हैं। भगवान रघुनाथ ने बैरागी समुदाय के लोगों को कमल आसन में दर्शन दिए। इस दौरान भगवान रघुनाथ के छड़ी बरदार महेश्वर सिंह ने बैरागी समुदाय के लोगों पर पीलारंग फैंक कर होली की प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया। भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने कहा कि भगवान के 40 उत्सव होते हैं और पांच उत्सवों में भगवान रघुनाथ मंदिर से बाहर निकलते है और श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं।

मांग

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी की सेचू पंचायत के मूर्छ भटोरी वार्ड में पिछले करीब दो माह से बिजली न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पंच माघी शर्मा ने बताया कि बर्फबारी के कारण विभिन्न स्थानों पर बिजली की तारें क्षतिग्रस्त हो गई थी जिन्हें अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली न होने के कारण वार्ड के करीब दो सौ लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इलाके में बिजली की तारों को जल्द दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की संबंधित विभाग और सरकार से मांग की है। माघी शर्मा ने चस्क से भटोरी के लिए बन रही सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटकने पर भी आपत्ति जताई और पांगी प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क निर्माण को जल्द पूरा करवाया जाए ताकि लोगों को सड़क सुविधा मिल सके।

साहित्य उत्सव

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में भाषा व संस्कृति विभाग और कीकली चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय बाल साहित्य उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव में बाल जगत की विख्यात लेखिका रूपा पाई ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि विशेष अतिथि के रूप में मशहूर कार्टूनिस्ट उदय शंकर और श्रीनिवास जोशी मौजूद रहे। बाल उत्सव में जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के 25 वर्ष से कम आयु वाले 2 सौ 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कीकली चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष वंदना भागड़ा ने बताया कि मीमांसा बाल उत्सव को दो विभागों में बांटा गया है जिसमें सुबह के सत्र में पुस्तक समीक्षा और कविताओं का मंचन हो रहा है जबकि दोपहर बाद इंटर स्कूल प्रतियोगिता में पोस्टर, स्लोगन राइटिंग और शब्दकोश दक्षता पर सत्र हो रहा है। ये बाल उत्सव कल सम्पन्न होगा।